Regarding setting up of Solar Power Plant at Chakulia, Jharkhand-laid

श्री बिद्युत बरन महतो **(जमशेदपुर):** मेरे संसदीय क्षेत्र जमशेदपुर के अंतर्गत पूर्वी सिंहभूम जिला के ग्रामीण क्षेत्रों केसाथ-साथ शहरी क्षेत्रों में भी बिजली की भारी कमी के कारण दिन भर में मात्र 4 से 5 घंटे ही बिजली मिल पाती है जिसके कारण वहां की जनता को नाना प्रकार की कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। किसानों को खेती पटवन एवं छात्र छात्राओं को पढ़ाई के साथ साथ ग्रामीण इलाकों में मोबाइल चार्ज भी नहीं हो पाता है। विदित है कि माननीय प्रधानमंत्री जी एवं आपके कुशल नेतृत्व में उज्ज्वला योजना, पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण विद्युतीकरण योजना सहित अन्य योजनाओं के अंतर्गत आज घर-घर में बिजली पहुंची है तथा कनेक्शन के साथ मीटर लगा हुआ है झारखंड राज्य में पूर्ववर्ती सरकार के दौरान लगभग 22-23 घंटे बिजली जनता को मिलती थी। परंतु वर्तमान राज्य सरकार में जनता को पर्याप्त मात्रा में बिजली नहीं मिल पा रही है। जनता की कठिनाइयों को देखते हुए पूर्वी सिंहभूम जिलांतर्गत चाकुलिया में लगभग 400-500 एकड़ भूमि वर्षों से खाली पड़ी हुई है। उक्त खाली पड़ी भूमि पर सोलर पावर प्लांट की स्थापना की जा सकती है जिससे बिजली की समस्या को दूर किया जा सके।